शत-प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी में पास कर नाम रोशन किया

बेंगाबाद, प्रतिनिधि। बेंगाबाद के करमाटांड़ स्थित के एन बक्शी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड सत्र 2022-24 के प्रशिक्षणार्थियों के चतुर्थ सेमेस्टर के प्रकाशित फाइनल रिजल्ट में शत प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी प्राप्त कर महाविद्यालय के नाम को रोशनकिया है।

महाविद्यालय के उपाचार्य बिनोद कुमार सुमन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। रिलीज में बताया गया है कि महाविद्यालय से कुल 30 प्रशिक्षणार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंकों से पास किया है। टॉप टेन विद्यार्थियों में अनामिका सरकार ने 80.07 प्रतिशत, पूजा कुमारी 79.36 अनुराग राणा 79.14, रितिका रंजन 79. 07, धीरज कुमार 78.86, पिंटू कुमार वर्मा 78 , शालिनी सिन्हा 78.21, सुरभि 78, लक्ष्मी कुमारी 77.93 एवं सुबोध मुर्मू ने 77.79 प्रतिशत अंक लाकर उतीर्ण हुए हैं। परीक्षा परिणाम से प्रभावित होकर महाविद्यालय के चेयरमैन डॉ. शिवशक्ति नाथ बक्शी ने कहा कि शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों और प्रशिक्षणार्थियों की मेहनत और लगन का यह परिणाम है।

उन्होंने आगे भी ऐसी ही सफलता हासिल कर छात्र को एक आदर्श शिक्षक बनकर पूरे समाज में नाम रोशन करने की कामना की है। प्राचार्य डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि- यह रिजल्ट प्रभावशाली है। उन्होंने छात्रों को इसके लिए बधाई दी है। उप प्राचार्य बिनोद कुमार सुमन ने कहा कि छात्रों को दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत ने सफलता तक पहुंचायी है। मौके पर डॉ. सुरेश यादव, डॉ. शंकर सिंह, प्रो. मदन कुमार, प्रो. नूतन शर्मा, प्रो. नीलेश लकड़ा, डॉ. राजेश रविदास, डॉ. सन्तोष कुमार यादव आदि ने भी प्रशिक्षणार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी।